दिन–शनिवार दिनांक– 29 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा को जनता दल यूनाईटेड का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। जदयू की दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में पार्टी के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने का प्रस्ताव पेश किया। जिसे सर्व सम्मति से पारित कर दिया गया।

————————————————————————

लोजपा रामविलास के प्रमुख और केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि बिहार के विभिन्न भागों में खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां खोली जायेंगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री पासवान ने कहा कि राज्य में आम, लीची, मखाना और मक्का से संबंधित उद्योगों के विकास की बड़ी संभावना है। उन्होंने कहा कि नये उद्योगो की स्थापना से राज्य का राजस्व बढ़ेगा और रोजगार के अवसर भी बढेंगे। इससे पहले आज पटना पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात की यह पहली कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके साथ ही यह आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। मन की बात

कार्यक्रम के तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

मौसम विभाग ने अगले तीन से चार घंटों के दौरान भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई स्थानों पर तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा के रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। इधर, राजधानी पटना और आसपास के क्षेत्रों में तेज बारिश हो रही है। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। इधर, मौसम विभाग द्वारा जारी वर्षा के आंकड़े निराशाजनक हैं। प्रदेश में जून महीने के दौरान औसत से उनसठ प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अब तक राज्य में सत्तावन दशमलव तीन मिलीमीटर बारिश हुई है। राज्य में अब तक एक सौ चालीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि राज्य में अभी भी मॉनसून की सामान्य बारिश नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि जून महीने में राज्य में औसतन एक सौ तिरेसठ दशमलव तीन मिलीमीटर बारिश होती है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अगले बहत्तर घंटों के दौरान राज्य में बारिश की अनुकूल परिस्थितियां बन रही है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में तेज हवा के साथ राज्य के विभिन्न हिस्सों में अच्छी बारिश की सम्भावना है। इस अवधि में पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने पिछले दिनों रद्द और स्थगित परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। एनटीए की अधिसूचना में कहा गया है कि जून में आयोजित होनेवाली यूजीसी–नेट परीक्षा अब इक्कीस अगस्त से चार सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। परीक्षा ऑनलाईन मोड में होगी। गौरतलब है कि यह परीक्षा इस महीने की अठारह तारीख को आयोजित किए जाने के एक दिन बाद रद्द कर दी गई थी। वहीं, संयुक्त सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा पच्चीस से सत्ताईस जूलाई तक आयोजित होगी। जबकी एनसीईटी परीक्षा दस जुलाई को आयोजित की जायेगी।

—————————————————————————————

टी–ट्वेंटी क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में आज भारत की भिड़ंत दक्षिण अफ्रीका से होगी। यह मैच बारबेडास में भारतीय समय के अनुसार रात आठ बजे से खेला जायेगा। भारत ने सेमी फाइनल में इंगलैंड को जबकी दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को हरा कर फाइनल में जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार किसी आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में पहुंची है।

—————————————————————————————

रोहतास जिले में जनसंख्या नियंत्रण के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए सार्थी जागरूकता रथ को रवाना किया गया। प्रभारी सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार सिंह ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

—————————————————————————————

समस्तीपुर जिले के पूसा स्थित डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट कार्य के लिए इस वर्ष की रैंकिंग में देश में सातवां स्थान मिला है।

—————————————————————————————

भागलपुर के रेशम भवन में खादी मेला लगाया गया है। बिहार खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित मेले में भागलपुर, नवगछिया और आसपास के बुनकरों के बनाये खादी वस्त्रों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

—————————————————————————————

समाप्त